# INDIAN SCHOOL SOHAR
## TERM II EXAMINATION (2023-24)
## SUBJECT: HINDI

**CLASS: VII** **MAX. MARKS: 80**
**DATE: 10/03/2024** **TIME: 3 HOURS**

---

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं –'क,'ख','ग'और 'घ'।
- दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

---

## खंड 'क' (अपठित गद्यांश )

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X10)

मित्रता अनमोल धन है। इसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती है। हीरे-मोती या सोने-चाँदी से भी नहीं। मैत्री की महिमा बहुत बड़ी है। सच्चा मित्र सुख और दुःख में समान भाव से मैत्री निभाता है। जो केवल सुख में साथ होता है, उसे सच्चा मित्र नहीं कहा जा सकता। साथ-साथ खाना-पीना, सैर, पिकनिक का आनंद लेना आदि सच्ची मित्रता के लक्षण नहीं। सच्चा मित्र तो दीर्घकाल के अनुभव से ही बनता है। सच्ची मित्रता की बस एक पहचान है और वह है- विचारों की एकता। सच्चा मित्र बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। मित्रता करना तो आसान है, लेकिन निभाना बहुत ही मुश्किल। आज मित्रता का दुरुपयोग होने लगा है। लोग अपने सीमित स्वार्थों की पूर्ति के लिए कभी मित्रता को तोड़ भी देते हैं। मित्र केवल सुख के साथी नहीं होते, वे दुःख में भी अपने मित्र का साथ नहीं छोड़ते। मित्रता जीवन का सर्वश्रेष्ठ अनुभव है।

प्रश्न

(i) हीरे-मोती या सोने-चाँदी से किसकी तुलना नहीं कर सकते ?

(ii) सच्च्चा मित्र मैत्री किस प्रकार निभाता है ?

(iii) कौन से लक्षण सच्ची मित्रता के नहीं होते ?

(iv) मित्रता में क्या आसान और क्या मुश्किल होता है ?

(v) लोग मित्रता का दुरुपयोग क्यों कर रहे हैं ?

(vi) 'अमूल्य' शब्द का समानार्थी शब्द उक्त गद्यांश में से चुनकर लिखिए।

(vii) मित्रता कैसा अनुभव है ?

(viii) उक्त गद्यांश में से एक उपसर्ग और एक प्रत्यय वाला शब्द चुनकर लिखिए।

(ix) <u>मित्र</u> का विलोम शब्द लिखिए।

(x) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

## खंड 'ख' ( व्याकरण )

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के लिए उचित उपसर्ग वाले विकल्प कौन-से होंगे ? (2)

(i) उपदेश

(क) ऊप (ख) उप (ग) उपि (घ) उपी

(ii) लापरवाह

(क) वाह (ख) पर (ग) ला (घ) लाप

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों के लिए उचित प्रत्यय वाले विकल्प कौन-से होंगे ? (2)

(i) प्यासा

(क) अ (ख) आस (ग) आ (घ) इ

(ii) भारतीय

(क) इय (ख) ईय (ग) य (घ) इया

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के लिए उचित लिंग परिवर्तन वाले विकल्प कौन-से होंगे ? (2)

(i) गुड़िया

(क) गुडडा (ख) गुदीडा (ग) गुड्डी (घ) गुडी

(ii) हलवाई

(क) हलीविन (ख) हलाविन (ग)हलवी (घ) हलवाइन

प्रश्न 5. (i) **वह आज कलम नहीं लाया ।** वाक्य के लिए उचित वचन परिवर्तन वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (2)

(क) वह आज कलमें नहीं लाया। (ग) वे आज कलमैं नहीं लाए।

(ख) वे आज कलमें नहीं लाए। (घ) वह आज कलमों नहीं लाया।

(ii) **नीति** शब्द के लिए उचित वचन परिवर्तन वाला विकल्प कौन-सा होगा ?

(क) नीतिया (ख) नीतीयाँ (ग) नीतियां (घ) नीतियाँ

प्रश्न 6. (क) निम्नलिखित समस्तपदों के समास-विग्रह वाले सही विकल्प होंगे : (4)

(i) बैलगाड़ी

(क) बैल के गाड़ी (ख) बैल की गाड़ी (ग) बैल से गाड़ी (घ) बैल को गाड़ी

(ii) त्रिभुज

(क) तीन भुजों का समाहार (ग) तीन भुज का समाहार

(ख) तीन भुजाओं का समाहार (घ) तीन भुजाएं का समाहार

(ख) निम्नलिखित समास-विग्रहों के लिए समस्तपदों वाले सही विकल्प होंगे :

(i) रसोई के लिए घर

(क) रसोईघर (ख) रसौइघर (ग) रसूईघर (घ) रसाईघर

(ii) पाँच तंत्रों का समूह

(क) पाँचतांत्र (ख) पंचातंत्र (ग) पंचतंत्र (घ) पाचतंत्र

प्रश्न 7. (i) निम्नलिखित वाक्यों में से उचित स्थानवाचक क्रिया-विशेषण वाला विकल्प है : (4)

(क) मोहिनी धीरे - धीरे काम करती है। (ग) अमित सामान वहाँ रख रहा है।

(ख) निहार कल बाज़ार जाएगा। (घ) आज हम कहानी सुनेंगे।

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से उचित रीतिवाचक क्रिया-विशेषण वाला विकल्प कौन-सा होगा ?

(क) गाय घास खाती है।
(ख) संसद भवन दिल्ली में है।
(ग) रानी जल्दी चली गई ।
(घ) राजू पत्र लिखता है ।

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया-विशेषण भेद वाले सही विकल्प कौन-से होंगे ?

(क) हमें दूसरों की बातों में कम बोलना चाहिए ।

(i) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण
(ii) कालवाचक क्रिया-विशेषण
(iii) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण
(iv) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण

(ख) कौशल दो घंटे पढ़ेगा ।

(i) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण
(ii) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण
(iii) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण
(iv) कालवाचक क्रिया-विशेषण

प्रश्न 8. (क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए : (4)

(i) भीगी बिल्ली बनना
(ii) रात - दिन एक करना

(ख) रिक्त स्थानों के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित मुहावरों का चयन कीजिए :

(i) विपक्ष की सेना ........................... गई ।

(क) पीठ दिखाकर भागना
(ख) फूट -फूटकर रोना
(ग) पेट पर लात मारना
(घ) दोनों हाथों में लड्डू होना

(ii) कक्षा में प्रथम आने पर उसके....................................... रहे थे ।

(क) हाथ-पाँव फूलना
(ख) होश ठिकाने आना
(ग) माथे पर शिकन पड़ना
(घ) पाँव जमीन पर न पड़ना

## **<u>खंड 'ग' ( साहित्य )</u>**

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X8)

बाबू कुँवर सिंह ने अपने पिता की मृत्यु के बाद सन् 1827 में अपनी रियासत की ज़िम्मेदारी सँभाली। उन दिनों ब्रिटिश हुकूमत का अत्याचार चरम सीमा पर था । इससे लोगों में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ़ भयंकर असंतोष उत्पन्न हो रहा था। कृषि, उद्योग और व्यापार का तो बहुत ही बुरा हाल था। रजवाड़ों के राजदरबार भी समाप्त हो गए थे। भारतीयों को अपने ही देश में महत्त्वपूर्ण और ऊँची नौकरियों से वंचित कर दिया गया था। इससे ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध देशव्यापी संघर्ष की स्थिति बन गई थी। ऐसी स्थिति मे कुँवर सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत से लोहा लेने का संकल्प लिया।

प्रश्न

(i) भारतीयों को कहाँ और किससे वंचित कर दिया गया ? 2

(ii) रियासत की ज़िम्मेदारी किसने और कब सँभाली? 2

(iii) कौन,किस पर अत्याचार कर रहा था ? 2

(iv) कृषि , ..................और व्यापार का तो बहुत ही बुरा हाल था। रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए । 1

(v) कथन और कारण को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए :

कथन : रजवाड़ों के राजदरबार भी समाप्त हो गए थे।

कारण : क्योंकि भारतीय आज़ाद थे।

विकल्प : (i) कथन और कारण दोनों सही हैं। (iii) कथन सही और कारण गलत है।

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं। (iv) कारण सही और कथन गलत है।

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (8)

(क) गांधी जी ने आश्रम कहाँ बनवाया ? उनके द्वारा बनवाए गए आश्रम का नाम क्या है ?

(ख) वीर कुँवर सिंह को बचपन में किन-किन कामों में मज़ा आता था ?

(ग) धनराज की माँ ने उन्हें क्या सीख दी थी ?

(घ) शाम-एक किसान कविता के कवि कौन हैं और उन्होंने कविता में किस मौसम का वर्णन किया है ?

(ङ) आश्रम के लिए कितनी ज़मीन की ज़रूरत थी ? उसमें आरंभ में कितने लोगों के आने की संभावना थी ?

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (9)

(क) धनराज पिल्लै को हॉकी खेलने का शौक कैसे हुआ ? वे हॉकी कैसे खेलते थे ?

(ख) शाम – एक किसान कविता में कवि ने शाम का वर्णन किस प्रकार किया है ?

(ग) वीर कुँवर सिंह ने कौन-कौन से सामाजिक कार्य किए ?

(घ) आश्रम का अनुमानित व्यय पाठ के आधार पर आश्रम के उद्देश्यों और कार्य प्रणाली के बारे में क्या-क्या अनुमान लगाए जा सकते हैं ?

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : (6)

(i) बढ़ईगिरी (ii) विख्यात (iii) कृत्रिम (iv)औसतन (v) वयोवृद्ध (vi) किसान

प्रश्न 13. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए : (4)

(i) शोहरत (ii) अतिथि (iii) उदार (iv) चादर

## खंड 'घ'

प्रश्न 14. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: (5)

**(क) बरसात का एक दिन**

**(ख) तुरंत भोजन (फास्टफूड)**

**(ग) मेरी प्रिय पुस्तक**

प्रश्न 15. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर पत्र लिखिए : (5)

(क) राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में चयन होने पर अपने मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

(ख) अपने छोटे भाई को पैसे बचाने की सलाह देते हुए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 16. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग 50-60 शब्दों में संवाद लिखिए : (5)

(क) भाई-बहन में क्रिकेट मैच से संबंधित बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

(ख) गृहकार्य पूरा न करने से संबंधित शिक्षक और विद्यार्थी के बीच बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।-

---